हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

10 द्वार सभा कर प्रशासन पर लगाए तानाशाही के



10 मां भगवती की आराधना से दूर होते हैं संताप, सुख-



खबर संक्षेप

4.05 लाख की ठगी में आठवां आरोपित पकड़ा

चरखी दादरी। फेसबुक पर आईफोन खरीदने के नाम पर ठगी करने और दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर पीड़ित को डराने के मामले में दादरी पुलिस ने आठवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान राजस्थान के डीग जिले के गांव जाटोली निवासी शाहरुख के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि गांव नौसवा निवासी आनन्द कुमार ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि फेसबुक पर आईफोन की ऑनलाइन बिक्री का विज्ञापन देखकर उसने खरीदारी के लिए संपर्क किया था। शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम दादरी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस दिशांत, लक्ष्य उर्फ लक्की, राजेश कुमार मीना, अतुल, रोनिक नन्दा, धीरज उर्फ रजत और सूबेदिन को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वीरवार को थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एएसआई नरेंद्र ने शाहरुख को गिरफ्तार किया।

नशा तस्करी पर शिकंजा कसने के निर्देश

चरखी दादरी। प्रदेश में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नार्को कॉर्डिनेशन कमेटी (एनकॉर्ड) की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में उपायुक्त मनदीप कौर ने दादरी जिले से संबंधित जानकारी साझा की। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के बाद उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल बड़े सप्लायरों और उनके नेटवर्क की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, नशीले पदार्थों की सप्लाई के रास्तों की पहचान कर उन्हें बंद करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने तस्करी और नशे के सेवन से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने और नियमित निगरानी रखने को कहा।

एचईआरसी के फैसले की कड़ी निंदा

भिवानी। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा संबंधित ऑल इंडिया इलैक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन ने गुड़गांव व नूंह की बिजली वितरण प्रणाली को प्राइवेट कम्पनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपने के हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी रैगुलेटरी कमिशन के फैसले की कड़ी निन्दा की है। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा के जिला संयोजक महेन्द्र सिंह कटारिया व सुभाष जांगड़ा ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि बिजली उपभोक्ताओं, कर्मचारी व इंजिनियर संगठनों के लगातार कड़े विरोध को अनदेखा करते हुए नीजि कम्पनी के हित में फैसला लिया गया है। इस का जनहित से कोई वास्ता नहीं है।

खनन क्षेत्र से अगस्त से अब तक 52 वाहन सीज

चरखी दादरी। जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने निगरानी और जांच तेज करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला खनन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवैध खनन में संलिप्त वाहनों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में एएमई अनिल कुमार ने बताया कि अगस्त 2026 से अब तक जिले के खनन क्षेत्र से 95 करोड़ 72 लाख 30 हजार 571 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त 52 वाहनों को सीज किया गया है। सीज किए गए वाहनों पर कुल 32 लाख 29 हजार 421 रुपये की पेनल्टी लगाई गई है।

केबिनेट मीटिंग में प्राइवेट कंपनी का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश

25 घंटे बाद कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, अब बहाल होगी बिजली सप्लाई

पैरेलल बिजली वितरण लाइसेंस के फैसले पर बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, किसानों और आम उपभोक्ताओं में दिखा भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पैरेलल लाइसेंस देने के विरोध में प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

हरियाणा में पैरेलल बिजली वितरण लाइसेंस के फैसले को लेकर बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, किसानों और आम उपभोक्ताओं में भारी रोष देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शाम को सीएम सैनी के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया है। मीटिंग में सरकार ने एचईआरसी को प्राइवेट कंपनी का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई है। करीब 25 घंटे बाद हड़ताल खत्म हो गई है। इससे पहले हरियाणा पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता एवं सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता नारायण प्रकाश एसडीओ ने ढिगावा क्षेत्र के विभिन्न बिजली घरों का दौरा किया और वहां मजदूर, किसान तथा बिजली कर्मचारियों की एक अहम बैठक को संबोधित किया। निरीक्षण के उपरांत ढिगावा में मजदूर, किसान और बिजली कर्मचारियों की एक विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नारायण प्रकाश एसडीओ ने राज्य सरकार और हरियाणा विद्युत नियामक आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम और नूंह में इलेवन पॉवर कंपनी को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देना और सार्वजनिक बिजली वितरण कंपनियों के राजस्व आधार को कमजोर करना जनविरोधी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों और उपभोक्ताओं के हितों से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर सुनील फोरमैन, राकेश फोरमैन, सोमबीर बड़दू, इंद्र सिंह, राकेश उमरवास प्रधान, राजेश कारी एस.ए., इंद्र सीए, अनिल जेई, राकेश एएफएम द्वारका,विकास सैकेटरी डांडमां, मंजीत प्रधान, छत्र सिंह एस.ए , अनिल प्रेमनमगर, पंकज लाईनमैन, अमित एएलएम, सतबीर एसए, विरेंद्र एसए, जोगेंद्र एएलएम, रणजीत एसए, मुनीष एलएम, दीपक जीएसओ, योगेश जीएसए, विकास खरकड़ी, प्रदीप नेहरा, कृष्ण एएलएम, संजय पुनिया आदि मौजूद रहे।



बुजुर्ग टैक्निशियनों के अनुभवों से जगमग हुए कस्बे-देहात, लोगों ने ली राहत की सांस

भिवानी। भले ही हड़ताल पर कर्मचारियों के जाने के आधे घंटे बाद पॉवर हाऊसों से बिजली कट लगना संयोग या कोई गड़बड़ी हुई। करीब 20 तो कहीं पर 30 घंटे तक बिजली गुल होने से आमजन की दिनचर्या पटरी से उतरना लाजिमी है। लोगों की परेशानी समझते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की अगुवाई में बुजुर्ग टैक्निशियन(सेवानिवृत टैक्निशियनों) के अनुभवों व सहयोग से अंधेरे में डूबे कस्बों व देहात को जगमग कर दिया। तोशाम के सांगवान में ब्रेक डाऊन और उसके बाद तोशाम पॉवर हाऊस से बिजली की सप्लाई बंद मिली। यही हॉल बवानीखेड़ा का हुआ मिला। बड़सी, जीताखेड़ी के बाद बवानीखेड़ा पॉवर हाऊस से लाइट बंद मिली। यही हालात बहल के पॉवर हाऊस के मिले। वहां पर भी इसी तरह से ब्रेक डाऊन मिला। इन सभी जगहों पर पुलिस व डयूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में रिटायर टैक्निशियनों ने लाइट को चालू कर दिया।

इलेवन पावर को लाइसेंस देने की हो निष्पक्ष जांच

नारायण प्रकाश एसडीओ ने मांग उठाई कि मुख्यमंत्री तत्काल कैबिनेट की बैठक बुलाएं और यह नीतिगत निर्णय घोषित करें कि प्रदेश में कहीं भी पैरेलल लाइसेंस की अनुमति नहीं होगी तथा गुरुग्राम-नूंह के लाइसेंस को तुरंत रद्द किया जाए। साथ ही सरकार यह भी घोषित करें कि प्रदेश में कहीं भी पैरेलल लाईसेंस की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही उन्होंने एचईआरसी की कार्यप्रणाली पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इवलेन पावर को लाईसेंस देने की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हड़ताल के दौरान किसी भी बिजली कर्मचारी का उत्पीड़न या दमन किया गया, तो हरियाणा का यह विरोध प्रदर्शन देशव्यापी आंदोलन का रूप ले लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

---

45 घंटे बाद भी बिजली सप्लाई नहीं हो पाई सुचारू



बहल। एसडीएम मनोज दलाल तकनीकी कर्मियों के साथ बिजली बहाली का प्रयास करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बुधवार रात को करीब सवा दस बजे गुल हुई लाइट शुक्रवार को भी करीब 45 घंटे बीत जाने के बाद भी सुचारु नहीं हुई। बिजली कट से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका सीधा असर पेयजल सप्लाई पर पड़ा और लोग पानी के लिए दर दर भटकते रहे। कई जगहों पर पानी की पूर्ति टैंकरों से की गई। वही, अस्पताल में मरीजों को बिना बिजली के भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली आधारित कामकाजी लोगों का रोजगार ठप्प रहा।

वीरवार पूरे दिन बिजली सप्लाई बाधित होने के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने स्तर पर बिजली चालू करवाने का प्रयास किया। एसडीएम मनोज दलाल सहित अन्य अधिकारी बिजली तकनीशियन की टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने 132 केवी सब स्टेशन के अलावा पुराने जीडीसी कॉलेज (ज्ञानकुंज स्कूल) रोड, पिलानी बाईपास सहित अन्य जगह फॉल्ट को ढूंढने में दिन भर लगे रहे। हालांकि, आधे बहल की सप्लाई कुछ देर के लिए चली भी, पर फिर ट्रिप कर गई। बिजली कट से परेशान लोगों का गुस्सा पूरे उबाल पर रहा। लोगों ने बिजली कर्मियों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों की भी जमकर खिंचाई की। हड़ताल के दौरान लोग बिजली कट से लोग भारी परेशान रहे। अस्पतालों में भर्ती मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। कुछ मोहल्लो में पानी के टैंकरों से पानी पहुंचाया गया।

पड़ोस के गांव में बिजली तो बहल में क्यों नहीं

लगातार दूसरे दिन बिजली कट से परेशान लोगों ने बिजली निगम कर्मियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। लोगों ने कहा कि हड़ताल की स्थिति में हर जगह लोगों की दैनिक जरूरत की पूर्ति के लिए सुबह शाम दो से तीन घंटे बिजली दी जा रही है। बहल के नजदीकी गांवों में भी बिजली की आपूर्ति है। पर, बहल कस्बे के लोगों ने बिजली कर्मियों का ऐसा क्या बिगाड़ा था कि बहल में दो दिन में एक घंटा भी बिजली नहीं दी गई। लोगों ने हड़ताल शुरू होते ही बुधवार को बहल की बिजली काटे जाने के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई।

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बिजली कर्मियों की हड़ताल व आंदोलन का किया समर्थन

भिवानी। एस यू सी आई कम्युनिस्ट ने बिजली के निजीकरण के खिलाफ प्रदेश भर के बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल एवं आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया है। जिला सचिव कॉमरेड रोहतास सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बिजली मूलभूत जरूरत बन चुकी हैं, बिजली क्षेत्र में प्राइवेट कंपनियों के लिए घोर मुनाफा अर्जित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। गुरूग्राम एवं नूँह में निजीकरण का रास्ता खोलकर सरकार पूरे प्रदेश में बिजली को बड़ी निजी कंपनियों को देना चाहती है। कॉमरेड रोहतास सिंह ने कहा कि 2003 में बिजली कानून भाजपा की सरकार लेकर आई थी, जिसमें निजीकरण के रास्ते को प्रशस्त करने के लिए विद्युत नियामक आयोग का गठन किया गया था। एस यू सी आई कम्युनिस्ट हरियाणा सरकार से मांग करती है कि 2003 के बिजली कानून को रद्द करने के लिए वह केंद्र सरकार से सिफारिश करे।

- **बिजली क्षेत्र में मुनाफा अर्जित करने के लिए निजी कंपनियों को नहीं दी जा सकती इजाजत**

संयुक्त किसान मोर्चा और रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने मुख्य चुनाव और केंद्रीय मंत्री का पुतला फूंका

भिवानी। संयुक्त किसान मोर्चा और रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत आज स्थानीय बीटीएम चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के पुतले जलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को तुरंत बर्खास्त करने, मतदाता सूची से हटाए गए साढ़े तेरह करोड़ मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़ने और एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, जिला उपप्रधान कामरेड ओम प्रकाश, पिछड़ा वर्ग के नेता राजेंद्र तंवर, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता कृष्णा सिवाच महेंद्र तंवर व सीटू नेता सुखदेव पालवास ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए और किसी भी बहाने से लोगों को उनके संवैधानिक अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। दूसरी तरफ बहल में बुधवार रात को शुरू हुई बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के तीसरे दिन शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने अपना समर्थन दिया।



बिजली हड़ताल से दादरी में जनजीवन प्रभावित, अस्पताल तक में गुल रही बत्ती

चरखी दादरी। हरियाणा में बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन शुक्रवार को दादरी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई। कर्मचारी नेताओं के अनुसार, जिले के करीब 90 से 95 प्रतिशत क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। बिजली संकट का असर आम जनजीवन पर पड़ा और लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति यह रही कि अस्पताल तक में बिजली गुल हो गई, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कामकाज पर भी असर पड़ने की स्थिति बनी। बिजली नहीं होने से पेयजल आपूर्ति सहित अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित हुए। हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में किसान सभा, सीटू, रोडवेज कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सेवानिवृत कर्मचारियों समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एकजुट हुए। उन्होंने बिजली निगम कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया और बिजली क्षेत्र के निजीकरण के प्रस्तावित कदमों का विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कर्मचारियों की मांगों पर बातचीत कर समाधान निकालने की मांग की। सीटू नेत्री कमलेश भैरवी ने कहा कि बिजली कर्मचारियों की मांगों के साथ आम जनता के हित भी जुड़े हैं।



तोशाम में एसडीएम, डीएसपी व तहसीलदार ने संभाला बिजली मोर्चा, ठप पड़ी बिजली आपूर्ति देर रात्रि में सुचारू

तोशाम। शहर में बिजलीकर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद ठप्प बिजली आपूर्ति को सुचारू करने के लिए स्वयं तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार और डीएसपी दलीप सिंह तथा नायब तहसीलदार अशोक कुमार सहित प्रशासन ने मोर्चा संभाला और घंटों तक स्वयं भागदौड़ कर तोशाम कस्बे में विभिन्न जगहों, सागवान, भूरटाना सहित कुछ गांव की बिजली आपूर्ति सुचारू की जोकि उनका यह कार्य काबिले तारीफ था। उल्लेखनीय है कि बिजलीकर्मियों की हड़ताल के चलते वीरवार सुबह से ही तोशाम कस्बे सहित विभिन्न गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प पड़ी थी। पूरा दिन बिजली सप्लाई न होने से तोशामवासी शाम तक पूरी तरह से तंग आ चुके थे और अब बारी थी पूरी रात मच्छरों से दो-दो हाथ जंग लड़ने की। लेकिन इसी बीच आमजन की सुविधा के लिए बिजली सप्लाई करने का मोर्चा तोशाम प्रशासन ने पूरी तरह से संभाल लिया और तोशाम की बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए रात्रि में एसडीएम संदीप कुमार, डीएसपी दलीप सिंह और नायब तहसीलदार अशोक कुमार अपनी टीम के साथ गांव सागवान पहुंचे, जहां काफी मसक्कत के बाद बिजली आपूर्ति शुरू हुई। तत्पश्चात प्रशासन की यही टीम तोशाम बिजली निगम प्रांगण में स्थित कंट्रोल रूम में पहुंची जहां से तोशाम के विभिन्न क्षेत्रों सहित विभिन्न गांव में होने वाली बिजली आपूर्ति पर नियंत्रण किया जाता है। कस्बे में बिजली आपूर्ति सुचारू हुई तो कस्बे के लोगों ने राहत की सांस ली।



बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में उतरी फोगाट खाप

चरखी दादरी। बाबा स्वामी दयाल धाम पर शुक्रवार को सर्वजातीय फोगाट खाप की कार्यकारिणी एवं सदस्यों की बैठक खाप प्रधान सुरेश फोगाट की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को जायज ठहराते हुए हरियाणा सरकार के बिजली विभाग के निजीकरण संबंधी फैसले की निंदा की गई। खाप ने मुख्यमंत्री, बिजली मंत्री और संबंधित अधिकारियों से निर्णय पर पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की मांग की। बैठक में खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि बिजली विभाग का निजीकरण होने से किसान, मजदूर, गरीब, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों और विभाग के कर्मचारियों के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि निजी कंपनियां मुनाफे को प्राथमिकता देते हुए बिजली दरों और बिलों के माध्यम से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल सकती हैं। इसके साथ ही विभाग के कर्मचारियों की छंटनी और रोजगार पर संकट की आशंका भी जताई गई। खाप प्रधान सुरेश फोगाट, सचिव कुलदीप फोगाट और एडवोकेट रविन्द्र फोगाट ने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा का संचालन जनहित और जनकल्याण की भावना से होना चाहिए।

बवानीखेड़ा में थाना प्रभारी-नायब तहसीलदार की बदौलत जगमग कस्बा, लोगों को मिली राहत

बवानीखेड़ा। बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने से कई गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 33 केवी बवानीखेड़ा लाइन ब्रेकडाउन होने के कारण तालु, पुर, सिवाड़ा, जाटू, लुहारी, बवानीखेड़ा और सुमराखेड़ा गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। हालांकि वीरवार को सारा दिन बवानीखेडा बिजली रही लेकिर षाम के समय बिजली चली गई और शहरवासियों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी वहीं, कर्मचारियों की हड़ताल के चलते 22, 23 और 24 अक्टूबर तक बिजली आपूर्ति बहाल होने का कोई निश्चित समय नहीं बताया गया था। इसके अलावा जमालपुर फीडर भी बंद होने से कई गांवों में बिजली गुल होने के कारण वीरवार सुबह साढ़े 9 बजे से बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण जमालपुर, जमालपुर द्वितीय, बोहल, सिपर और पपोसा गांव रहे वहीं, बड़सी फीडर बंद होने से जीताखेड़ी, मिलकपुर, सिकंदरपुर और सज्जनपुर गांवों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।



बिना बरसे गुजर गए बादल, किसानों को हुई मायूसी

मौसम का बदला मिजाज पारा दो डिग्री नीचे लुढ़का

दोपहर ढाई बजे तक आसमान में काले बादल एकत्रित हुए, तीन बजे छाई काली घटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चरखी दादरी



चरखी दादरी। आसमान में छाई काली घटाओं का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को अचानक मौसम में एकदम बदलाव आया। दोपहर तक चटक धूप खिली रही,लेकिन करीब तीन बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए। धीमी गति से हवा चलने लगी। जिस वजह से पारा एकदम दो डिग्री नीचे लूढक गया। हालांकि देर शाम तक आसमान से पानी नहीं बरसा,लेकिन लोगों को लगा कि कुछ देर में ही बारिश आने वाली है। पर काली घटाए बिना बरसे ही आगे निकल गई। किसानों को लगा था कि बारिश होगी, जिससे उनके खेतों में नमी बढ जाएगी,लेकिन आसमान में बिना बरसे बादल निकल जाने पर उनको मायूसी हाथ लगी।

दोपहर एक बजे तक चटक धूप खिली रही। डेढ बजे के आसपास अचानक मौसम में बदलाव होता नजर आए। करीब ढाई बजे तक आसमान में काले बादल एकत्रित हो गए। तीन बजे तक आसमान में काली घटाए छा गई। इस दौरान धीमी गति से हवा भी चलने लगी। बादलवाई से पारा लूढक कर 31 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिससे लोगों को लगा कि अब बारिश होगी,लेकिन देर शाम तक बादलों की आवाजाही बनी रही। शाम को बादल बिना बरसे ही गुजर गए। उल्लेखनीय है कि इस वक्त किसान अपने खेतों में सरसों की बिजाई करने की तैयारी में जुटे है। फिलहाल खेतों में नमी कम है। अगर थोड़ी सी भी बारिश हो जाए तो भूमि में नमी बढ जाएगी,लेकिन बारिश न आने से किसानों में मायूसी ही है।

सीवरेज कनेक्शन न होने से अटका गलियों का निर्माण, किया प्रदर्शन

- जन स्वास्थ्य विभाग के जेई ने 10 दिन में काम करने का दिया लिखित आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। अंडरपास के समीप धरने पर बैठे कॉलोनीवासी। फोटो : हरिभूमि

दादरी की गांधी नगर कॉलोनी में ब्रांच गलियों की सीवरेज लाइनों को मेन लाइन से नहीं जोड़े जाने के कारण कॉलोनीवासियों में रोष बना हुआ है। समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज लोगों ने शुक्रवार को अंडरपास मार्ग बंद कर धरना दिया। पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र दहिया के नेतृत्व में दिए गए धरने के दौरान कॉलोनीवासियों ने विकास कार्यों में भेदभाव किए जाने के आरोप लगाए और सीवरेज कनेक्शन का काम जल्द पूरा करने की मांग उठाई। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि गांधी नगर की ब्रांच गलियों में सीवरेज लाइनें बिछाई गई हैं, लेकिन इन्हें मेन लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इसके चलते सीवरेज व्यवस्था का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कॉलोनीवासी इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और विभाग के समक्ष गुहार लगा चुके हैं, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। कॉलोनीवासियों ने बताया कि सीवरेज लाइनों का मेन लाइन से कनेक्शन नहीं होने के कारण गलियों में सड़कों का निर्माण कार्य भी नहीं हो पा रहा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टूटी और अधूरी सड़कों के कारण रोजाना आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

खबर संक्षेप



शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने में प्राचार्यों की भूमिका अहम

चरखी दादरी। एससीईआरटी के दिशा-निर्देशों के तहत राजकीय पीएम श्री कन्या प्राथमिक विद्यालय दादरी में चल रहे पांच दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट बिरही कलां के प्राचार्य धर्मेन्द्र चौधरी ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में जिले के 32 विद्यालयों के प्राचार्य भाग ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्राचार्यों को विद्यालय प्रबंधन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने का आह्वान किया। धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि विद्यालय प्राचार्य की जिम्मेदारी प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है।

फसल खरीद में किसान नहीं होंगे परेशान

चरखी दादरी। भाजपा दादरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। खरीफ खरीद सीजन 2026-27 के तहत प्रदेश की मंडियों और खरीद केंद्रों में धान की खरीद जारी है। सरकार ने खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। राष्ट्रदीप परमार ने बताया कि 21 अक्टूबर तक प्रदेश की मंडियों और खरीद केंद्रों में लगभग 30.26 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

प्राचार्यों के प्रशिक्षण में तकनीक पर दिया जोर

बवानीखेड़ा। समग्र शिक्षा, भिवानी के तत्वावधान में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भिवानी में आयोजित प्राचार्यों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन योग, तनाव प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल सुरक्षा और विद्यालय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राचार्यों की नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के साथ विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण और प्रभावी प्रशासन को प्रोत्साहित करना रहा। दिन की शुरुआत आर्ट ऑफ लिविंग के जिला समन्वयक पवन कुमार दलाल तथा हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान से अलका तंवर और भारत भूषण के प्रशिक्षण सत्रों से हुई।

ठाकुर बीर सिंह जयंती पर होगा 25 को भव्य समारोह

भिवानी। पूर्व वित्त एवं सहकारिता मंत्री ठाकुर बीर सिंह की 102वीं जयंती 25 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस भव्य आयोजन को लेकर शुक्रवार को स्थानीय हांसी रोड़ पर ठाकुर बीर सिंह मार्ग पर स्थित दुर्गा पैलेस में ठाकुर बीर सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन कर समारोह की रूपरेखा साझा की। इस अवसर पर मास्टर उदयवीर सिंह व विशाल जीत सिंह भी मौजूद रहे। ठाकुर विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार में पूर्व वित्त एवं सहकारिता मंत्री रहे स्व. ठाकुर बीर सिंह की 102वीं जयंती के उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे भिवानी के शकुंतला गार्डन में समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

राजकीय विद्यालयों को वापस शिक्षा बोर्ड से नहीं जोड़ा तो बिजली बोर्ड की तर्ज पर होगा जन आंदोलन

द्वार सभा कर प्रशासन पर लगाए तानाशाही के आरोप, पदोन्नति न करने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन ने प्रशासन की तानाशाही और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को भिवानी स्थित बोर्ड कैंपस में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले द्वार सभा का आयोजन किया गया।

इस सभा के दौरान कर्मचारियों ने प्रशासन और प्रदेश सरकार की नीतियों के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। द्वार सभा की अध्यक्षता संगठन के प्रधान अशोक पिलानिया ने की, जबकि मंच का सफल संचालन महासचिव जोगेन्द्र थिलौड़ द्वारा किया गया। सभा में बोर्ड कैम्पस के भारी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में संगठन के फैसलों का समर्थन किया। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि बोर्ड प्रशासन वर्तमान में कर्मचारियों की जायज मांगों को सुनने और उनका समाधान करने के बजाय लगातार झूठे दिलासे दे रहा है। संगठन के प्रधान अशोक पिलानिया ने सीधे तौर पर प्रशासन को घेरते हुए कहा कि बोर्ड प्रशासन फिलहाल दमनकारी नीति अपनाते हुए कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं कर रहा है। इसके विपरीत कुछ चाटुकारों के कहने पर गुमराह होकर कर्मचारी विरोधी कार्य किए जा रहे हैं, जिससे बोर्ड कार्यालय के तमाम कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। यदि प्रशासन ने शिक्षा बोर्ड के मूलभूत ढाँचे के साथ किसी भी प्रकार की छेड़खानी करने की नापाक चेष्टा की, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और इसके गंभीर परिणामों के लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

नेताओं का तर्क था कि यदि एक ही केन्द्रीय बोर्ड से प्रदेश के सभी विद्यालयों को सम्बद्ध कर दिया जाता है, तो एकतरफा तानाशाही बढ़ेगी। इसके परिणामस्वरूप शिक्षा जैसा मूलभूत विषय इतना महंगा हो जाएगा कि आम जनमानस उसका खर्च वहन नहीं कर पाएगा। इसी साजिश के खिलाफ प्रदेश की सभी कर्मचारी यूनियनों और जन-संगठनों को एकजुट कर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। द्वार सभा के अंत में चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन अपनी कारगुजारियों से बाज नहीं आता है, तो जल्द ही कोई बड़ा और कड़ा कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उप-प्रधान अमनदीप सिंह, उप-प्रधान सोमवीर पुनिया, अशोक लाम्बा, सलाहकार सत्यवीर स्वामी, अरुण कुमार, संदीप शर्मा, अमित कुमार, सोनू चाहर, कुलदीप सिंह के साथ-साथ महिला नेत्री अंजू बाला, सरिता एवं बोर्ड कार्यालय के तमाम कर्मचारी व अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



भिवानी। शिक्षा बोर्ड परिसर में विरोध जताते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

शिक्षा बोर्ड से अलग स्कूलों पर बढ़ा विरोध

सभा को संबोधित करते हुए महासचिव जोगेन्द्र थिलौड़ ने शिक्षा बोर्ड से अलग किए गए बड़े राजकीय विद्यालयों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार और प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि समय रहते शिक्षा बोर्ड से अलग किए गए बड़े राजकीय विद्यालयों को वापस हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से नहीं जोड़ा जाता, तो आने वाले समय में बिजली बोर्ड आंदोलन की तर्ज पर आमजन को साथ लेकर एक बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। संगठन नेताओं ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई केवल कर्मचारियों की नहीं, बल्कि प्रदेश के आम जनसाधारण, गरीब, किसान और मजदूरों के बच्चों की शिक्षा को बचाने की मुहिम है।

एमएसएमई तबाह हो रहा, प्राइवेट कंपनी को दिया बिजली लाइसेंस रद्द करो सरकार

- बिजली निजीकरण के फैसले को वापस लेने के लिए सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा में बिजली वितरण के निजीकरण के खिलाफ 40 हजार बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की हड़ताल से उद्योग-व्यापार चौपट होने लगा है। इसे लेकर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस औद्योगिक प्रकोष्ठ के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर निजी कंपनी को दिया गया समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस तुरंत रद्द करने की मांग की है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि सरकार के एक गलत फैसले ने पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अंधेरे में धकेल दिया है। हड़ताल के कारण बिजली सप्लाई चरमराई हुई है। फैक्ट्रियों में मशीनें बंद हैं, प्रोडक्शन ठप है और व्यापारी ऑर्डर पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

सरकार से वार्ता की मांग



अशोक बुवानीवाला ने कहा कि सरकार को हठधर्मिता छोड़कर कर्मचारियों से बात करनी चाहिए। टकराव से नहीं, संवाद और सहमति से ही समाधान निकलेगा। उन्होंने सरकार से दो मांगें हैं। पहली तो निजी कंपनी को दिया गया समानांतर वितरण लाइसेंस तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। दूसरी मांग हड़ताली कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से तुरंत वार्ता कर हड़ताल खत्म कराई जाए और बिजली सप्लाई सामान्य की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो प्रदेश के औद्योगिक उत्पादन को करोड़ों रुपये का नुकसान होगा और हरियाणा से निवेश भी पलायन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा खामियाजा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) भुगत रहे हैं।

भिवानी में विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का महामंच

भिवानी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया के निर्देशानुसार जिले के 57 विद्यालयों की टीमों ने विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में भाग लिया, इस वर्ष की प्रतियोगिता का मुख्य विषय मानवता के लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रहा, जिसके अंतर्गत खंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चयनित टीमों ने आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , भिवानी में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति दी, जहां निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन में जी.डी. गोयंका स्कूल, भिवानी ने प्रथम, शिवम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लोहानी ने द्वितीय तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तोशाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इस पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में प्राचार्या सविता घनघस बतौर ओवरऑल इंचार्ज, भौतिक प्रवक्ता अनिल अरोड़ा बतौर को-ऑर्डिनेटर, निर्णायक मंडल में प्राचार्य भुवनेश, सुनील जैन, सीमा व हनीफ तथा तकनीकी एवं परिणाम संबंधी कार्यों में प्रवक्ता बजरंग व रितिका ने अपनी अहम भूमिका निभाई, जबकि कार्यक्रम के जिला नोडल एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ के रूप में रोहित कुमार इंदौरा उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या सविता घनघस ने सभी विजेता टीमों को बधाई देते हुए उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में विधि-सक्षम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित बी.के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए अंतर्सदनीय अंग्रेजी डिक्लेरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रार्थना के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। मंच का कुशलता पूर्वक संचालन छात्रा प्राची एवं स्नेहा द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका आचार्य डी. आर. एवं रोहित तंवर ने निभाई। सभी प्रतिभागियों ने अलग-अलग उप-विषयों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पक्ष- विपक्ष, सोशल मीडिया के लाभ-हानि, देश के विकास में पर्यावरण की भूमिका जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा- इंद्रप्रस्थ सदन से छात्रा विधि एवं सक्षम प्रथम स्थान, तक्षशिला सदन से निधि एवं श्रेया द्वितीय और शांतिनिकेतन सदन से अविशा एवं माही तृतीय स्थान पर रहें। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को वाद-विवाद का सही अर्थ समझाते हुए संबंधित विषयों की गहन जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज हम 21वीं सदी में जी रहे हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी है।



बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा स्थित बीके वमावि में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजन।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, सदन प्रभारी कविता कुमारी, सिंपी रानी, गतिविधि प्रभारी सोनम, प्रोमिला वर्मा, मनीषा, रीना जाखड़, आनंद कुमार, अमित कुमार, संजीव देशवाल, कृष्ण कुमार, नचिता शर्मा आदि उच्च माध्यमिक विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

40 साल सेवा के बाद गांव लौटे फौजी रमेश शर्मा

- ग्रामीणों ने रमेश शर्मा को सेवानिवृत्त होने पर की पुष्प वर्षा, गांव में बना खुशी का माहौल
- सरपंच मेहर चंद उर्फ कल्लू ने माला पहनाकर किया सेवानिवृत्त फौजी रमेश शर्मा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

बीएसएफ से 40 वर्ष दो महीने सब इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी करने के बाद फौजी रमेश शर्मा अपने पैतृक गांव बुशान पहुंचे। सेवानिवृत्त फौजी के गांव पहुंचने पर सरपंच मेहर चंद उर्फ कल्लू ने माला पहनाकर एवं वीर शहीद हवलदार विजय सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती जंगली देवी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सबसे पहले गांव पहुंचने पर फौजी रमेश ने वीर शहीद हवलदार विजय सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सैल्यूट किया और उनकी धर्मपत्नी जंगली देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उसके बाद उन्होंने मंदिर में माथा टेककर पूजा अर्चना कर महंत पूर्ण नाथ महाराज का आशीर्वाद लिया। फौजी रमेश शर्मा ने कहा कि हम सभी ग्रामवासियों को वीर शहीद हवलदार विजय सिंह पर गर्व है। जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए।उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानीयों के बलिदान और संघर्ष के बदौलत खुली हवा में सांस ले रहे हैं। जिन्होंने देश के लिए कुर्बानी दी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ में 40 वर्ष दो महीने अलग-अलग स्थानों पर बॉर्डर पर रक्षा की। उन्होंने गांव के युवाओं से अपील की कि देश की रक्षा के लिए आगे आए।हम सभी को भारत की एकता, अखंडता एवं गौरव की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए।युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए।नशा व्यक्ति को शारीरिक, सामाजिक एवं मानसिक नुकसान पहुंचाता है।



तोशाम। सेवानिवृत्ति पर गांव पहुंचने पर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व सरपंच महान सिंह, पूर्व सरपंच बीर सिंह, फौजी डॉक्टर जगराम, सत्यवान शर्मा, कोच जयसिंह कालीरमन, सतबीर शर्मा, दुलीचंद कालीरमन, ओमप्रकाश, फौजी रामनिवास, फौजी बृजपाल, फौजी चंदन शर्मा, मास्टर सोमबीर, मास्टर बलबीर, अजय शर्मा, फौजी जगदीश, रमेश कुमार, जगदीश, सतपाल, अनूप आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



आठ साल से शिक्षा की अलख जगा रही ज्योत्सना महता, अभिभावकों का जीता भरोसा

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा स्थित वार्ड नंबर 9 निवासी समाजसेविका ज्योत्सना महता पिछले आठ वर्षों से विद्यार्थियों को शिक्षा देकर उनके भविष्य को संवारने में जुटी हैं। नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के बच्चों को पढ़ाने वाली ज्योत्सना महता ने अपनी मेहनत, समर्पण और शिक्षण शैली से क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। इनकी शिक्षण पद्धति की खासियत हर विद्यार्थी पर व्यक्तिगत ध्यान देना है। बच्चों की बेहतर समझ और पढ़ाई की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वे एक समूह में 20 से 25 विद्यार्थियों को ही पढ़ाती हैं। इससे उन्हें प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता और पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान देने का अवसर मिलता है। आठ वर्षों के शिक्षण अनुभव में ज्योत्सना मैम नर्सरी से दसवीं तक के सैकड़ों विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे चुकी हैं। बच्चों के प्रति उनका आत्मीय व्यवहार और पढ़ाने का सहज तरीका अभिभावकों को आकर्षित करता है। क्षेत्र में उनके प्रति बढ़ते विश्वास का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए उन्हें प्राथमिकता देते हैं। इनका मानना है कि बच्चों को पढ़ाना केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास जगाना और सीखने के प्रति रुचि पैदा करना भी है। विशेषकर छोटे बच्चों के साथ धैर्य, स्नेह और अपनत्व से पेश आना जरूरी है। इसी सोच के साथ वे बच्चों को सहज वातावरण में पढ़ाने का प्रयास करती हैं। शिक्षा के प्रति निरंतर समर्पण और विद्यार्थियों पर व्यक्तिगत ध्यान देने की कार्यशैली ने इनको बवानीखेड़ा में एक भरोसेमंद शिक्षिका के रूप में पहचान दिलाई है।

कलाकारों ने नृत्य व संगीत से बांधा समां

- दूसरे दिन चार मंचों पर हुईं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, 29 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी के आठवें विश्वविद्यालय युवा महोत्सव उत्कर्ष-2026 के दूसरे दिन शुक्रवार को महिला महाविद्यालय, झोझू कलां में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। चार मंचों पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवा कलाकारों ने नृत्य, संगीत, नाटक, साहित्य और ललित कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हरियाणवी लोक संस्कृति की झलक के साथ शास्त्रीय और पाश्चात्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव में 29 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। दूसरे दिन के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. भावना शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। सुप्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार राजू पंडित, डीन प्रो. ललिता गुप्ता और डीन प्रो. संजीव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



चरखी दादरी। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

महोत्सव में प्रतिभाओं का संगम

महोत्सव के दूसरे दिन एकल शास्त्रीय नृत्य, हरियाणवी लोक नृत्य, समूह लोक नृत्य और पश्चिमी नृत्य की प्रतियोगिताएं प्रमुख आकर्षण रहीं। हरियाणवी फाग की प्रस्तुतियों में छात्राओं के घाघरा-चोली और युवाओं के पारंपरिक कुर्ता-धोती परिधानों ने लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। शास्त्रीय गायन, लोकगीत, समूह गायन और वेस्टर्न सोलो की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को आकर्षित किया। इसके अलावा नाटक, माइम, मिमिक्री, एकल अभिनय, वाद-विवाद और कविता पाठ की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ललित कला वर्ग में पोस्टर मेकिंग, रंगोली, कार्टूनिंग, क्ले मॉडलिंग और फोटोग्राफी में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। प्राचार्य एवं मुख्य संयोजक डॉ. राज पाल ने अतिथियों और विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया।

दादरी में मौसम ने बदली करवट पांच मिनट तक गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

दादरी में शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम बदलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर करीब दो बजकर 50 मिनट पर आसमान में बादल छाने के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। इसके कुछ ही देर बाद कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि शुरू हो गई। करीब पांच मिनट तक ओले गिरने के बाद हल्की बारिश हुई। बारिश का आंकड़ा लगभग दो एमएम दर्ज किया गया। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट महसूस की गई। अचानक हुई ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में इन दिनों खेतों में विभिन्न फसलों की बिजाई का कार्य जारी है। ऐसे में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से हाल ही में बोई गई फसलों पर असर पड़ने की आशंका है। विशेषकर जिन खेतों में बीज अंकुरित होने की प्रक्रिया में हैं, वहां तेज हवाओं और ओलावृष्टि से नुकसान की संभावना जताई जा रही है। किसान भी मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए चिंतित नजर आ रहे हैं।

- तेज हवाओं के साथ दो एमएम बारिश, बिजाई की गई फसलों को नुकसान की आशंका



दादरी में बारिश के साथ गिरे ओले।

श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा शुरू, पहले दिन बताया कथा का महत्व

बाबा जगमाल महंत के सान्निध्य में कथा का शुभारंभ

मां भगवती की आराधना से दूर होते हैं संताप, सुख का होता है संचार : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा की छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी नगरी दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में मां भगवती की भक्ति के रंग में रंग गई है। जीतू वाला जोहड़ के पास स्थित सिद्ध पीठ काली देवी शिव मंदिर में मंदिर की महिला मंडली एवं आयोजन समिति के तत्वावधान में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। बाबा जगमाल महंत के सान्निध्य में आयोजित इस आध्यात्मिक महोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे, जिससे समूचा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



भिवानी। कथा में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

देवी भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ पर विराजमान कथा प्रवक्ता पंडित बृजमोहन कौशिक ने श्रद्धालुओं को श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के महात्म्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मां भगवती की आराधना और कथा श्रवण से मनुष्य के समस्त संताप दूर होते हैं तथा जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के दौरान धीर अस्पताल के डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. कनिका, अस्पताल स्टाफ और बाबूलाल ने व्यासपीठ पर उपस्थित पंडित बृजमोहन कौशिक का माल्यार्पण कर विधिवत स्वागत व अभिनंदन किया। कथा की जानकारी देते हुए श्रद्धालु रविंद्र यादव ने बताया कि दीपावली के अवसर पर नगरवासियों के कल्याण और सुख-समृद्धि के लिए इस आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं में कथा को लेकर अपार उत्साह है।उन्होंने आगे बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत आगामी एक नवंबर को रवि पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग में सभी देवी-देवताओं के लिए हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगरभर के श्रद्धालु आहुति डालकर पुण्य लाभ कमाएंगे। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

नवदुर्गा के नौ स्वरूपों में सजकर बिखेरी दिव्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में रात डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया का आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख सदस्यों ने दीप प्रज्वलित करके किया। स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निदेशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्पित किए। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की मनमोहक प्रस्तुति रही। बच्चों ने माँ दुर्गा के नौ दिव्य रूपों को धारण कर अपनी सुंदर एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक सज्जा और आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति एवं नारी शक्ति की महिमा को दर्शाया। इस प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेषताओं, शक्ति, साहस और सकारात्मकता का संदेश दिया। उपस्थित दर्शकों ने बच्चों की इस सराहनीय प्रस्तुति की खूब प्रशंसा की। उनकी मनमोहक प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।



भिवानी। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

बच्चों, अभिभावकों ने मिलकर सजाया समारोह

इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने समूह में शानदार देवी स्तुति, गुजराती नृत्य व हरियाणवी नृत्य की पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपहार प्राप्त कर अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की सामूहिक सहभागिता ने इस आयोजन को आनंदमय एवं यादगार बना दिया।

अलग-अलग अंगूठा लगवाने से उपभोक्ता व संचालक दोनों परेशान

डिपो होल्डर यूनियन ने डीएफएसओ को सौंपा ज्ञापन, कमीशन भुगतान की मांग

बकाया कमीशन न मिलने से त्यौहारी सीजन में गहराया आर्थिक संकट : शहरी प्रधान हरदेश कुमार हैप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

राशन डिपो संचालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डिपो होल्डर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान राज सरपंच तथा शहरी प्रधान हरदेश कुमार हैप्पी के नेतृत्व में शुक्रवार को भिवानी के जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रित कार्यालय पहुंचा। वहां उन्होंने जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी (डीएफएसओ) प्रदीप कुमार कौशिक को अपनी प्रमुख मांगों एवं समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा और उनके जल्द समाधान की गुहार लगाई। इस मौके पर यूनियन के जिला प्रधान राज सरपंच ने अपनी बात रखते हुए कहा कि वर्तमान में डिपो में मिलने वाले प्रत्येक खाद्य पदार्थ के लिए उपभोक्ताओं से अलग-अलग बार अंगूठा लगवाया जाता है। इस प्रक्रिया के कारण राशन वितरण में काफी अधिक समय लगता है, जिससे उपभोक्ताओं और डिपो संचालकों, दोनों को ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज सरपंच ने मांग करते हुए कहा कि वितरण प्रणाली को सरल बनाने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया जाना चाहिए। एक ही परिवार या उपभोक्ता को मिलने वाले सभी सामान के लिए बार-बार अंगूठा लगवाने के बजाय केवल एक ही बार अंगूठा लगवाने का प्रावधान किया जाए, ताकि राशन वितरण कार्य सुचारू और त्वरित गति से पूरा हो सके।

छह माह से बकाया है डिपो होल्डरों का कमीशन

यूनियन के शहरी प्रधान हरदेश कुमार हैप्पी ने डिपो होल्डरों के आर्थिक संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 6 महीनों से डिपो संचालकों का कमीशन बकाया पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि त्यौहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और ऐसे समय में भी डिपो संचालक अपने हक के कमीशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हरदेश कुमार हैप्पी ने कहा कि डिपो होल्डरों का कमीशन ही उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा है। लंबे समय से भुगतान न होने के कारण उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। इसके अलावा, पॉस मशीनों में आए दिन आ रही सर्वर की समस्या के कारण राशन वितरण में बाधा आती है। उन्होंने मांग की कि मशीनों के सर्वर की समस्या को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए तथा डिपो होल्डरों का बकाया कमीशन तुरंत जारी किया जाए। डिपो होल्डर यूनियन के ज्ञापन को स्वीकार करते हुए डीएफएसओ प्रदीप कुमार कौशिक ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं और मांगों को संज्ञान में ले लिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन सभी विषयों को आगामी विभागीय कार्रवाई और समाधान के लिए चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय भेज दिया गया है, ताकि राज्य स्तर से इस पर त्वरित फैसला लिया जा सके। इस अवसर पर साहिल बत्तरा, रमेश खेड़ा, पवन कुमार खाड़ी महोल्ला, दिनेश घुसकानी, गुलशन गुजरानी, बहादुर तिगड़ाना, पंकज सब्जी मंडी, भूप सिंह, विजय मिताथल, राजेंद्र ढ़ाणा, उमेद अजीतपुर सहित अन्य डिपो होल्डर मौजूद रहे।

भिवानी में तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कल

भिवानी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की नगरी भिवानी में श्री श्याम बाबा के भक्तों के लिए एक बेहद आनंदमयी और भक्तिमय शाम का आयोजन होने जा रहा है। सूरज मित्र मंडल द्वारा तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस संकीर्तन को लेकर आयोजकों और स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सूरज मित्र मंडल के प्रतिनिधि संदीप ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि बाबा श्याम की असीम कृपा से यह तीसरा संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम स्थानीय जैन चौक स्थित सागर चाय की फैक्ट्री के साथ ट्रांसफार्मर के सामने वाली गली में शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा।

मच्छरों से बचाव के लिए नपा ने कराई फॉगिंग

- कस्बे के प्रत्येक वार्ड की गली में चरणबद्ध तरीके से होगी फॉगिंग :सुंदर अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा।शहर के वार्डों में फॉगिंग करते हुए नपा कर्मचारी।

बदलते मौसम को देखते हुए मच्छरों से बचाव तथा मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका बवानी खेड़ा द्वारा कस्बे में फॉगिंग करवाई जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे के प्रत्येक वार्ड की हर गली तक पहुंचकर फॉगिंग करवाई जा रही है, ताकि मच्छरों के प्रकोप को कम किया जा सके और आमजन को बीमारियों से बचाव में राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि मच्छरों का प्रकोप आमजन के साथ-साथ पशुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बताया कि नगर पालिका का लक्ष्य कस्बे के कोने-कोने तक फॉगिंग की सुविधा पहुंचाना है। संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे कस्बे में चरणबद्ध तरीके से दो से तीन बार फॉगिंग करवाने की योजना है, ताकि मच्छरों के प्रकोप को कम करने में प्रभावी सहायता मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, साफ-सफाई बनाए रखें तथा मच्छरों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें।

नवंबर में होंगे विधिक जागरूकता कार्यक्रम

- बरालू, बहल और सुरपुरा कलां में लगेंगे जागरूकता शिविर, सोहांसड़ा व बहल में प्रत्येक रविवार मिलेगी कानूनी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ प्रभाग)-सह-चेयरमैन, उप-मंडल विधिक सेवा समिति, लोहारू देवेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार न्यूनतम कार्य योजना-2026 के तहत नवंबर माह में लोहारू क्षेत्र में विभिन्न विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क कानूनी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 9 नवंबर को सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत घर बरालू में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें अधिवक्ता संदीप कुमार और पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) मांगे राम लोगों को कानूनी जानकारी देंगे।

गांवों में संचालित होंगे विलेज केयर व सपोर्ट सेंटर

देवेंद्र सिंह ने बताया कि नवंबर माह के दौरान गांव सोहांसड़ा और बहल में विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर भी संचालित किए जाएंगे। पंचायत घर सोहांसड़ा में प्रत्येक रविवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक अधिवक्ता मनोज कुमार थोलिया और पीएलवी रामदेव लोगों को कानूनी सहायता एवं आवश्यक मार्गदर्शन देंगे। इसी प्रकार पंचायत घर बहल में प्रत्येक रविवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक अधिवक्ता पवन कुमार और पीएलवी सविता ग्रामीणों को कानूनी जानकारी उपलब्ध करवाएंगे।उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर्स को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार केंद्रों पर उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का मार्गदर्शन करने तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही केंद्रों पर आने वाले लोगों का पूरा पता और मोबाइल नंबर निर्धारित रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा, ताकि विधिक सेवाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सके।

चार दिवसीय बाल महोत्सव में होंगी 21 प्रतियोगिताएं

भिवानी। जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल दिवस के उपलक्ष्य में 27 से 31 अक्टूबर तक जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2026 होगा। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य स्कूली बच्चों की प्रतिभा को निखारना है। जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिल्ला ने बताया कि महोत्सव के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए कुल 21 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रथम समूह में पहली से पांचवीं कक्षा, द्वितीय समूह में छठी से आठवीं कक्षा, तृतीय समूह में नौवीं व दसवीं तथा चतुर्थ समूह में 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थी भाग लेंगे।

विवाद में एचईआरसी को घसीटना अनुचित

- निजी कंपनी को बिजली वितरण का कार्य सौंपने के लिए सरकार व कंपनी के बीच होता एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के पूर्व चेयरमैन कर्नल रघबीर सिंह छिल्लर ने गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण का कार्य निजी कंपनी को सौंपने के मामले में सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण के निजीकरण से संबंधित समझौते में एचईआरसी की भूमिका स्पष्ट की जानी चाहिए। आयोग को इस मामले में अनावश्यक रूप से विवाद में घसीटना उचित नहीं है। कर्नल छिल्लर ने कहा कि निजी कंपनी को बिजली वितरण का कार्य सौंपने के लिए एमओयू सरकार और संबंधित कंपनी के बीच होता है। ऐसे में समझौते से जुड़े फैसलों की जिम्मेदारी एचईआरसी पर डालना उचित नहीं है। उन्होंने ऊर्जा एवं बिजली मंत्री अनिल विज के उस कथित बयान पर भी सवाल उठाए, जिसमें आयोग के फैसले के खिलाफ ट्रिब्यूनल में जाने की बात कही गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचईआरसी का मुख्य कार्य बिजली क्षेत्र से संबंधित नियमों का निर्धारण और बिजली की दरों की समीक्षा करना है। आयोग वार्षिक राजस्व रिपोर्ट और संबंधित वित्तीय आंकड़ों के आधार पर बिजली दरों की समीक्षा करता है। कर्नल छिल्लर ने कहा कि प्रदेश में बिजली निगम के कर्मचारी 22 अक्टूबर से तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं।

हड़ताल से लोगों का जीवन प्रभावित



निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर आम लोगों को परेशानी हो रही है। कर्मचारियों को रोजगार, समायोजन और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने सरकार से गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण के निजीकरण संबंधी फैसले पर पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की मांग की। साथ ही कर्मचारियों की चिंताओं का समाधान करने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

डीसी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण



चरखी दादरी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, उपकरणों के रखरखाव और निर्धारित मानकों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, अग्निशमन उपकरणों तथा कमरों के तालों पर लगी सील की बारीकी से जांच की। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों के हाजिरी रजिस्टर की जांच करते हुए सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का निरीक्षण किया और उनकी रिकॉर्डिंग के बैकअप का सत्यापन भी किया। इसके साथ ही वेयरहाउस में नमी से बचाव, अग्नि सुरक्षा मानकों और तकनीकी उपकरणों के रखरखाव से जुड़े पहलुओं की जांच की। उन्होंने स्ट्रांग रूम के दरवाजों पर लगी सील की स्थिति का भी जायजा लिया। मनदीप कौर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण किया जाता है। इसका उद्देश्य निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करना और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखना है।

निजी बस चालक का वर्दी में होना जरूरी :डीसी

- निर्धारित पैमानों पर खरा नहीं उतरने वाली स्कूल बसों को इंपाउंड किया जाए
- रोड़ सेफ्टी समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सडक़ सुरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि सडक़ हादसों में लोगों की जान बचाना हमारी जिम्मेदारी है। सर्दी का मौसम या धुंध शुरु होने से पहले संभावित हादसों वाली जगहों पर स्पीड ब्रेकर, सडक़ को दुरूस्त करने, झांडिय़ा हटवाने आदि का कार्य पूरा करें ताकि वहां पर दुर्घटना ना हों। उन्होंने निर्देश दिए निजी बस चालक व परिचालकों का वर्दी में होना जरूरी है। लाइसेंस की प्रति बस में चस्पा जरूर हो। डैश बोर्ड में कैमरा होना चाहिए ताकि हादसे के कारण का पता चल सके। डीसी ने जीए रोडवेज का निर्देश दिए कि एक कमेटी बनाकर निजी बस चालकों के स्किल की जांच की जाए। वहीं उन्होंने सभी स्कूली बसों की जांच करने के निर्देश दिए। निर्धारित पैमानों पर खरा नहीं उतरने वाली निजी बसों को इंपाउंड किया जाए। समीक्षा बैठक में डीसी श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि ओवर लोडिंग के साथ चलने वाली बसों के चालान किए जाएं। उन्होंने कहा कि सडक़ हादसों की वजह से किसी जान नहीं जानी चाहिए। उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश कि वे अपने-अपने मार्ग या सीवर मेन होल ठीक करने आदि कार्यों को दुरूस्त करें।

भारी वाहनों का शहर में प्रवेश नहीं होना चाहिए

समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता व एसपी मयंक मिश्रा ने कहा कि भारी वाहन शहर में नहीं आने चाहिए। भारी वाहनों से जहां एक तरफ जाम की स्थिति बनती है, वहीं भारी वाहन हादसों का कारण भी बनते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि भारी वाहनों के लिए डायवर्सन के साईन बोर्ड लगाएं ताकि वाहन चालकों को पता चल सके। इसके साथ-साथ यातायात पुलिस सतर्कता के साथ ड्यूटी करें।

महाराजा अजमीढ़ जयंती की तैयारियां पूर्ण

भिवानी। श्री क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के तत्वावधान में महाराजा अजमीढ़ की जयंती 26 अक्टूबर को श्रद्धा, उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई जाएगी। स्थानपीय पतराम गेट स्थित महाराजा अजमीढ़ भवन में आयोजित होने वाला यह भव्य समारोह समाज के चेयरमैन सूबेदार धर्मपाल और प्रधान राजेश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसी एक संस्था या समिति तक सीमित न रहकर संपूर्ण स्वर्णकार समाज को एक सूत्र में पिरोना है। समारोह की शुरुआत सोमवार सुबह 8 बजे अजमीढ़ चौक पर विधिवत माल्यार्पण के साथ होगी। इसके पश्चात मुख्य जयंती समारोह सायं 6 बजे आरंभ होगा।

युवाओं को ड्रग्स के सेवन से बचाना जरूरी

- एनकोर्ड की समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने दिए संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

युवाओं को ड्रग्स आदि नशे के सेवन से बचाने को लेकर डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिक्षण संस्थाओं में अभियान चलाकर युवाओं को ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी दवा विक्रेताओं की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे वर्किंग हालत में होने चाहिए। दवा की दुकानों में दवाओं के स्टोर व बिक्री का पूरा रिकॉर्ड हो। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा भी मौजूद रहे। डीसी श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को ड्रग्स आदि किसी भी प्रकार के नशे से बचाना जरूरी है। ड्रग्स युवाओं के भविष्य और स्वास्थ्य दोनों को बर्बाद कर देता है। डीसी ने कहा कि ड्रग्स का नशा लेने वालों की पहचान करना जरूरी है ताकि उनकी काउंसलिंग की जा सके। सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि सामान्य अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र संचालित है, जहां पर नशे के आदी लोगों को उपचार के लिए लाए जाए। यहां पर नशा छुड़वाने के लिए नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग की जाती है।

बैठक में ड्रग्स की रोकथाम पर हुई समीक्षा

वहीं दूसरी ओर वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेशभर के जिलाधिकारियों के साथ ड्रग्स की रोकथाम को लेकर समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएफओ विपिन कुमार, एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, सीएमजीजीए सांभवी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल, जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हुडा कॉलोनी के चमकेंगे भाग, 1.83 करोड़ से बनेंगी सड़कें

- करीब साढ़े तीन किलोमीटर क्षेत्र में होगा सड़क निर्माण, बारिश के पानी की निकासी के लिए सीवर के ढक्कनों के पास जालियां

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा शहर की हुड्डा कॉलोनी के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। कॉलोनी में सड़कों की हालत सुधारने के लिए नगर पालिका की ओर से करीब एक करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण करवाया जाएगा। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर क्षेत्र में बनने वाली ये सड़कें तारकोल से तैयार की जाएंगी। इस कार्य को टेंडर प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि दीपावली के अवसर पर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन बजे से बाजरा बिक्री के लिए गेट पास जारी नहीं किए जा रहे थे। इसके चलते मंडी में बाजरा लेकर पहुंचे किसानों और आढ़तियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह भी गेट पास जारी नहीं होने पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया।

बारिश के पानी की निकासी पर रहेगा जोर

सड़क निर्माण के साथ बारिश के पानी की निकासी को लेकर भी विशेष व्यवस्था करने की योजना है। इसके तहत सीवरेज के ढक्कनों के आसपास जालियां लगाने का प्रावधान किया जाएगा, ताकि बारिश का पानी सड़कों पर जमा होने के बजाय जालियों के माध्यम से सीवर में जा सके। इससे जलभराव की समस्या कम करने और नई सड़कों को लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। अक्सर बारिश के दौरान सड़कों पर पानी जमा होने से उनकी ऊपरी परत प्रभावित होती है और कुछ समय बाद सड़कें टूटने लगती हैं। ऐसे में सड़क निर्माण के साथ जल निकासी की उचित व्यवस्था होने से सरकारी धन से तैयार होने वाली सड़कों की गुणवत्ता और टिकाऊपन बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

कालोनीवासियों ने बार बार लगाई गुहार

हुड्डा कॉलोनीवासियों द्वारा वर्षों से बिजली, पानी, सड़क, सफाई व्यवस्था, चैकीदारर व अन्य सुविधाओं को लेकर हर सरकार से गुहार लगाई लेकिन सुनवाई नहीं हुई लेकिन अब छोटी सरकार ने उनकी सुनवाई की व नपा प्रधान सुंदर अत्री इसके खेवनहार बने और लोगों ने खबर से राहत की सांस ली। हुड्डा कॉलोनी में प्रस्तावित सड़क निर्माण को इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब स्थानीय लोगों की निगाहें टेंडर प्रक्रिया पूरी होने और निर्माण कार्य शुरू होने पर टिकी हैं। यदि योजना के अनुरूप कार्य होता है, तो कॉलोनी की सड़कों की स्थिति में सुधार के साथ बारिश के मौसम में होने वाली परेशानियों को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

प्राथमिकता के आधार पर तेज होगी विकास कार्यों की गति : सुंदर अत्री

नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि बवानीखेड़ा शहर का पूरा नक्शा उनकी नजरों के सामने है और वह शहर के हर क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। जहां भी विकास कार्यों की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर विकास की गति तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। सड़क निर्माण सहित जरूरी विकास कार्यों के माध्यम से शहर की तस्वीर बदलने का प्रयास किया जाएगा। उनका कहना है कि बवानीखेड़ा में जिस क्षेत्र में जिस सुविधा की जरूरत होगी, वहां उसके अनुरूप काम करवाने पर जोर दिया जाएगा।



पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्राचार्यों को सिखाए योग, ध्यान और सुरक्षा के गुर

बवानीखेड़ा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भिवानी में चल रहे विद्यालय मुखियाओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन योग, ध्यान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और आपदा प्रबंधन पर विशेष जोर रहा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग, हरियाणा के उप निदेशक प्रशासनिक डॉ. चिनार सनसनवाल मुख्य अतिथि रहे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया भी उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में अलका तंवर और भारत भूषण ने योग, ध्यान और भावनात्मक संतुलन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि तनाव मुक्त शिक्षक और विद्यालय प्रमुख ही सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। एससीईआरटी के मास्टर प्रशिक्षक एवं प्राचार्य राजेश कुमार ने प्रभावी शैक्षिक नेतृत्व तथा आपदा प्रबंधन पर विचार रखे। उन्होंने विद्यालयों में सुरक्षा योजना और आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी को आवश्यक बताया। डाइट बिरही कलां के डॉ. ओमप्रकाश पंवार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में विद्यालय मुखियाओं की भूमिका स्पष्ट की। वहीं, प्रवक्ता नीरज सौपर्णा ने सुरक्षित, भयमुक्त और समावेशी विद्यालय वातावरण बनाने पर जोर दिया।

30 सितंबर से पहले मंडी में आए बाजरे की फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद जारी होंगे गेट पास

गेट पास नहीं कटने पर दादरी-चिड़िया रोड किया जाम

सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र ने आश्वासन देकर एक घंटे बाद सुबह 10 बजे खुलवाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी।



चरखी दादरी। जाम लगा रहे किसानों को समझाते हुए। फोटो : हरिभूमि

दादरी की नई अनाज मंडी के सामने शुक्रवार सुबह बाजरे की बिक्री के लिए गेट पास जारी नहीं होने से नाराज किसानों ने दादरी-चिड़िया रोड पर जाम लगा दिया। किसानों ने सुबह करीब नौ बजे सड़क पर अवरोधक डालकर वाहनों की आवाजाही रोक दी। सूचना मिलने पर दादरी सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर गेट पास जारी करवाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब एक घंटे बाद सुबह 10 बजे जाम खोल दिया गया। किसानों ने कहा कि मार्केट कमेटी के अधिकारी जानबूझकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। किसानों के अनुसार, वीरवार दोपहर बाद तीन बजे से बाजरा बिक्री के लिए गेट पास जारी नहीं किए जा रहे थे। इसके चलते मंडी में बाजरा लेकर पहुंचे किसानों और आढ़तियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह भी गेट पास जारी नहीं होने पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया।

दूसरे जिलों के वाहनों की भी लगी कतार

शुक्रवार को मंडी के बाहर बाजरे से भरे वाहनों की लंबी कतार लगी रही। कतार में खड़े अधिकांश वाहन दूसरे जिलों के थे। गेट पास जारी करने की प्रक्रिया के दौरान यह भी सामने आया कि दूसरे ही ट्रैक्टर का आउट बिल वीरवार को जारी हुआ था। इस स्थिति को लेकर मंडी में बाजरे की आवक, वाहनों की निकासी और गेट पास जारी करने की प्रक्रिया पर सवाल उठे। 30 सितंबर से पहले आए बाजरे की होगी फिजिकल वेरिफिकेशन गेट पास जारी होने शुरू हुए तो कुछ किसान और आढ़ती 30 सितंबर से पहले मंडी में पहुंचे बाजरे के गेट पास जारी करने की मांग पर अड़ गए। इसके बाद मौके पर पहुंचे मार्केट कमेटी सचिव विद्यासागर ने इस संबंध में एसडीएम से मुलाकात की। बातचीत के बाद निर्णय लिया गया कि शनिवार और रविवार को बाजरे की खरीद बंद रहेगी। इस दौरान 30 सितंबर से पहले मंडी में आए बाजरे की फिजिकल वेरिफिकेशन की जाएगी। सत्यापन के आधार पर ही संबंधित बाजरे के गेट पास जारी किए जाएंगे।

कार्रवाई के दिए आदेश

दादरी के एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह ने कहा कि यदि कोई किसान या आढ़ती दोबारा गेट पास बनवाने जैसी अनियमितता में पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि डीएमईओ को पूरे मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच में सभी आढ़तियों के स्टॉक का मिलान किया जाएगा और बाजरे के स्टॉक की भी जांच होगी।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

24 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET ● ELENTA का वादा, बचत सबसे ज़्यादा I

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

Address - Meham Gate, Circular Rd, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.

CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91 99960 31240

SCAN TO GET LOCATION

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.